रजिस्ट्री सं० डी--(डीएन)---128/89

REGISTERED No. D--(DN)--128/89

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 31] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 5, 1989 (श्रावण 14, 1911)
No. 31] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 5, 1989 (SRAVANA 14, 1911)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों, संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	591
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	795
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1079
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल हैं) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	655
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	723
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनसें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	703
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी, निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	101
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को निभाने वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	591
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	795
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1079
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	655
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	723
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	703
PART IV—Advertisements and Notices Issued by Private Individuals and Private Bodies .	101
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION I]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 20 जुलाई, 1989

सं० 65-प्रेज/89—29 जनवरी, 1986 की अधिसूचना सं० 8-प्रेज/86 में प्रकाशित "विशेष सेवा मेडल" के अध्यादेश के खंड पंचम के अनुसरण में राष्ट्रपति "श्रीलंका" क्लास्प महर्ष प्रतिष्ठापित करते हैं जो "विशेष सेवा मेडल" के साथ पहना जाएगा तथा यह क्लास्प 28 जुलाई, 1987 से "पवन संक्रिया" समाप्त होने तक श्रीलंका में "पवन संक्रिया" में भारतीय शांति सेना के कार्मिकों की सेवा के अभिज्ञानार्थ होगा।

2. पुरस्कार के लिए पात्रता की शर्तें इस प्रकार होंगी :—

(क) वह व्यक्ति जिसने अहेक क्षेत्र में कुल एक वर्ष की सेवा पूरी की है।

(ख) सेना विमानन कोर, नौसेना वायु स्क्वाड्रनों वायुसेना के विमान कर्मी दल, एयर डिस्पैच यूनिटों के निष्कासन कर्मी दल तथा वायु अनुरक्षण बटालियनों/तटरक्षक हवाई स्क्वाड्रनों में सक्रिय रूप से कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्होंने अहेक क्षेत्र में कम से कम पांच संक्रियात्मक उड़ानें भरी हों अथवा बीस घंटे संक्रियात्मक उड़ान भरी हो।

(ग) "पवन संक्रिया" में की गई सेवा के लिए शौर्य/गैर सेवा मेडल श्रेणी के पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी व्यक्ति के मामले में सेवा की समय-सीमा पर कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(घ) वह व्यक्ति, जो अहेक क्षेत्र में सेवा पर रहते हुए मारा गया हो अथवा सैनिक सेवा के कारण घायल हो जाने अथवा अन्य निशक्तताओं के फलस्वरूप वापस बुला लिया गया हो, ऐसे मामले में, सेवा की समय-सीमा अथवा संक्रियात्मक उड़ानों की संख्या अथवा संक्रियात्मक उड़ान घंटों की संख्या पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(ङ) नौसेना, तटरक्षक, वाणिज्यिक पोतों पर सवार नौसेना/तटरक्षक के सभी कार्मिक तथा भारतीय नौसेना के संक्रियात्मक नियन्त्रण में आने वाले विमान के कर्मी दल के सदस्य, जिन्होंने अहेक क्षेत्र में कुल मिलाकर एक वर्ष सेवा पूरी कर ली हो।

(च) संक्रियाओं के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी सभी कमांडर और स्टाफ अफसर, जो अहेक क्षेत्र में कम से कम दस बार गए हों।

3. अहेक क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान विद्रोहियों द्वारा पकड़े जाने के परिणामस्वरूप कैद में बिताई गई अवधि "विशेष सेवा मेडल" के "श्रीलंका" क्लास्प के लिए ऊपर पैरा 2(क) और 2(ङ) में उल्लिखित अहेक अवधि में गिनी जाएगी।

4. पुरस्कार के लिए अहेक क्षेत्र श्रीलंका की भौगोलिक सीमाएं और निम्नलिखित निर्देशांकों के अन्दर आने वाला समुद्री क्षेत्र :—

(क) निम्नलिखित प्वाइंटों को जोड़ने वाली लाइन के पूर्व में समुद्री क्षेत्र

(1) प्वाइंट "क"	—	कोलम्बो		
(2) प्वाइंट "ख"	—	06° 48' एन	79°	40' ई
(3) प्वाइंट (ग)	—	09°	06' एन	79° 32' ई
(4) प्वाइंट (घ)	—	09°	40' एन	79° 23' ई
(5) प्वाइंट (ङ)	—	09°	58' एन	79° 38' ई

(ख) निम्नलिखित प्वाइंटों को जोड़ने वाली लाइन के पश्चिम में समुद्री क्षेत्र।

(1) प्वाइंट "घ"	10°	16' एन	80°	46' ई
(2) प्वाइंट "छ"	06°	30' एन	82°	30' ई
(3) प्वाइंट (ज)	(ग्रेट बेसिस लाइट हाउस)			

सं० 66-प्रेज/89—26 जनवरी, 1960 की अधिसूचना संख्या 15-प्रेज/60 में प्रकाशित "विदेश सेवा मेडल" के अध्यादेश के खण्ड द्वितीय में छूट देते हुए राष्ट्रपति 28 जुलाई, 1987 से "पवन संक्रिया" समाप्त होने तक श्रीलंका में "पवन संक्रिया" में भारतीय शांति सेना के कार्मिकों की सेवा के अभिज्ञानार्थ "विदेश सेवा मेडल" के साथ "श्रीलंका" क्लास्प भी प्रदान करने की महर्ष अनुमति देते हैं।

2. पुरस्कार के लिए पात्रता की शर्तें इस प्रकार होंगी :—

(क) वह व्यक्ति जिसने अहेक क्षेत्र में कुल एक वर्ष की सेवा पूरी की हो।

(ख) सेना विमानन कोर, नौसेना वायु स्क्वाड्रनों, वायुसेना के विमान कर्मीदल, एयर डिस्पैच यूनिटों के निष्कासन कर्मी दल तथा वायु अनुरक्षण बटालियनों/तटरक्षक हवाई स्क्वाड्रनों में सक्रिय रूप से कार्यरत ऐसे कार्मिक जिन्होंने अहेक क्षेत्र में कम से कम पांच संक्रियात्मक उड़ानें भरी हों अथवा बीस घंटे संक्रियात्मक उड़ान भरी हो।

(ग) अहेक क्षेत्र में सेवा के लिए शौर्य पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी व्यक्ति के मामले में सेवा की समय-सीमा पर कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(घ) वह व्यक्ति, जो अहेक क्षेत्र में सेवा पर रहते हुए मारा गया हो, अथवा सैनिक सेवा के कारण घायल हो जाने अथवा अन्य निशक्तताओं के फलस्वरूप वापस बुला लिया गया हो, ऐसे मामले में, सेवा की समय-सीमा अथवा संक्रियात्मक उड़ानों की संख्या अथवा संक्रियात्मक उड़ान घंटों की संख्या पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(ङ) नौसेना, तटरक्षक, वाणिज्यिक पोतों पर सवार नौसेना/तटरक्षक के सभी कार्मिक तथा भारतीय नौसेना के संक्रियात्मक नियन्त्रण में आने वाले विमान के कर्मीदल, के सदस्य, जिन्होंने अहेक क्षेत्र में कुल मिलाकर एक वर्ष सेवा पूरी कर ली हो।

3. अहेक क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान विद्रोहियों द्वारा पकड़े जाने के परिणामस्वरूप कैद में बिताई गई अवधि ("विदेश सेवा मेडल" के "श्रीलंका" क्लास्प के लिए ऊपर पैरा 2(क) और 2(ङ) में उल्लिखित अहेक अवधि में गिनी जाएगी।

4. पुरस्कार के लिए अर्हक क्षेत्र श्रीलंका की भौगोलिक सीमाएं और निम्नलिखित निर्देशांकों के अन्दर आने वाला समुद्री क्षेत्र :

(क) निम्नलिखित प्वाइंटों को जोड़ने वाली लाइन के पूर्व में समुद्री क्षेत्र

(1) प्वाइंट "क"	कोलम्बो					
(2) प्वाइंट "ख"	—	06°	48'एन	—	79°	10'ई
(3) प्वाइंट "ग"	—	09°	06'एन	—	79°	32'ई
(4) प्वाइंट "घ"	—	09°	10'एन	—	79°	23'ई
(5) प्वाइंट "ङ"	—	09°	58'एन	—	79°	38'ई

(ख) निम्नलिखित प्वाइंटों को जोड़ने वाली लाइन के पश्चिम में समुद्री क्षेत्र

(1) प्वाइंट "च"	10°	16'एन	80°	46'ई
(2) प्वाइंट "छ"	06°	30'एन	82°	30'ई
(3) प्वाइंट "ज" (ग्रेट बेसिस लाइट हाउस)				

मु० नीलकण्ठन, निदेशक

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

नई दिल्ली-3, दिनांक 6 जुलाई 1989

संकल्प

सं० 1/20017/2/89-रा० भा० (क-1)—भारत सरकार ने केन्द्रीय हिन्दी समिति की उप समिति का पुनर्गठन करने का निश्चय किया है।

इस उप समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

1. गृह मंत्री	अध्यक्ष
2. गृह राज्य मंत्री (राज्य)	सदस्य
3. डा० रुद्र प्रताप सिंह, संसद सदस्य एवं उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति	सदस्य
4. श्री एम० के० वेलायुधन नायर	सदस्य
5. श्री सुधाकर पाण्डेय	सदस्य
6. डा० मलिक मोहम्मद	सदस्य
7. श्री रमाप्रसन्न नायक	सदस्य
8. सचिव, राजभाषा विभाग एवं भारत सरकार हिन्दी-सलाहकार	सदस्य-सचिव

2. इस उप समिति का कार्य केन्द्रीय हिन्दी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन पर नजर रखना होगा।

3. उप समिति के कार्यकाल की अवधि पुनर्गठित केन्द्रीय हिन्दी समिति के कार्यकाल तक होगी।

4. उप समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों, राष्ट्रपति के सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, योजना आयोग, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, केन्द्रीय राजस्व के महालेखाकार, लोक सभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण के सूचनार्थ भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

शम्भु दयाल, संयुक्त सचिव

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून, 1989

सं० 26012-(5)/85-मा० (एम०)—भूतपूर्व कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय (कृषि और सहकारिता विभाग) के संकल्प संख्या 26011/77 मा० (टी०-1) दिनांक 24 जुलाई, 1978, में आंशिक संशोधन करते हुए, समय-समय पर किए गए संशोधन के अनुसार राष्ट्रपति निम्नलिखित संसद सदस्यों को इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से तीन वर्ष के लिए अथवा उनके संसद सदस्य बने रहने तक अथवा आगामी आदेशों तक (जो भी इनमें पहले हो), केन्द्रीय मात्स्यिकी बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित करते हैं :—

1. श्री टी० बशीर, संसद सदस्य (लोक सभा), 34 साउथ एवेन्यू, नई दिल्ली के स्थान पर श्री आई० रामा राय।

2. श्री बी० वी० अब्दुल्ला कोया, संसद सदस्य (राज्य सभा) टी० 4, एम० एस० फ्लैट, बी० के० एस० मार्ग, नई दिल्ली के स्थान पर : श्री टी० के० सी० वडुथाला।

सं० 26012-(6)/88-मा० (एस)— राष्ट्रपति, भूतपूर्व कृषि और सिंचाई मंत्रालय (कृषि विभाग) के दिनांक 24 जुलाई, 1978 के संकल्प सं० 26012/1/77-मा० (टी-1) समय-समय पर किए गए आंशिक संशोधनों में इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से तीन वर्ष तक अथवा आगामी आदेशों तक (इनमें से जो भी पहले हो) निम्नलिखित व्यक्तियों को केन्द्रीय मात्स्यिकी बोर्ड के गैर-सरकारी सदस्यों के रूप में नामित करते हैं :—

1. श्री ए० एल० मन्नैया, मध्य प्रदेश गंगापुत्र संघम, (आ० प्र० मछुआरा संघ) मकान नं० 1-2-606/2/77 बंदा मैसम्मा बस्ती इंदिरा पार्क के पास हैदराबाद-500380 (आ० प्र०)

2. श्री बी० एस० गडकर, उपाध्यक्ष, मछुआरा राष्ट्रीय संघ, 16/1-दक्षिण तुकोगंज, सरजू सदन, इंदौर (म० प्र०)।

3. श्री रमाकान्त, ग्राम प्रधान, सुजाबाद डाकघर कुष्ठ आश्रम वाराणसी (उ० प्र०)।

4. श्री रोनाल्ड डेविड मखर्जी संसाधक और प्रशिक्षित समुद्री खाद्य सामग्री निर्यातक, राहुल फूड (गोवा), पोस्ट बाक्स 330, एक्सेलसर चेम्बर्स, पणजी, गोआ-403001।

5. श्री जे० टी० पाटिल, प्रधान, मछुआरा सहकारिताओं का राष्ट्रीय संघ लि० एकक सं० 8 (II-तल) पाकेट "सी" जे० ब्लाक मार्केट, साकेत, नई दिल्ली-110017।

जी० आर० बजारिया, उप सचिव

जलभूतल परिवहन मंत्रालय

नौवहन महानिदेशालय

बम्बई, दिनांक 5 जुलाई 1989

संकल्प

सं० 14 एम० एस० (1)/85—मद्रास पत्तन में विशेष व्यापार यात्री कल्याण समिति, संकल्प सं० 11 एम० एस० (1)/85, दिनांक 15-11-1988 के अनुसार दिनांक 6-5-1989 को समाप्त होने वाली थी। नौवहन महानिदेशक ने तत्कालीन नौवहन और परिवहन मंत्रालय के पत्र सं० 1-एम० डी० एस० (28)/76 एस० ए०, दिनांक 15-10-1976 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस समिति की अवधि दिनांक 6-5-89 से छह महीनों के लिए बढ़ाने का निर्णय किया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति निम्नलिखित को भेजी जाए :—

1. भारत के राष्ट्रपति के निजी एवं फौजी सचिव, नई दिल्ली
2. पंत प्रधान सचिवालय, नई दिल्ली ।
3. लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली (5 अतिरिक्त प्रतियां) ।
4. केबिनेट सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. परिवहन मंत्रालय जल भूतल परिवहन विभाग (नौवहन पक्ष) नई दिल्ली (10 अतिरिक्त प्रतियां) ।
6. वाणिज्य मंत्रालय, नई दिल्ली ।
7. संचार मंत्रालय, नई दिल्ली ।
8. रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली
9. ऊर्जा मंत्रालय, नई दिल्ली ।
10. पर्यावरण और वन मंत्रालय, नई दिल्ली ।
11. विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली।
12. वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली ।
13. खाद्य और सिविल पूर्ति मंत्रालय, नई दिल्ली ।
14. कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली ।
15. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।
16. गृह मंत्रालय, नई दिल्ली ।
17. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ।
18. उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली ।
19. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली ।
20. श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ।
21. विधि तथा न्याय मंत्रालय नई दिल्ली ।
22. संसदीय कार्य एवं पर्यटन मंत्रालय, नई दिल्ली ।
23. कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, नई दिल्ली ।
24. पेट्रोलियम और न्यूट्रल मंत्रालय, नई दिल्ली ।
25. योजना मंत्रालय, नई दिल्ली ।
26. कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, नई दिल्ली ।
27. विज्ञान और तकनीकी विभाग मंत्रालय, नई दिल्ली ।
28. इस्पात और खान मंत्रालय, नई दिल्ली ।
29. वस्त्र उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली ।
30. नगर विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ।
31. जल संसाधन मंत्रालय, नई दिल्ली ।
32. कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली ।
33. इलेक्ट्रानिकी विभाग, नई दिल्ली ।
34. परमाणु ऊर्जा विभाग, नई दिल्ली ।
35. सागर विकास विभाग, नई दिल्ली ।
36. अन्तरिक्ष विभाग, नई दिल्ली ।
37. योजना आयोग, नई दिल्ली ।
38. मुख्य सचिव, आन्ध्र प्रदेश सरकार, हैदराबाद ।
39. मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, इटानगर ।
40. मुख्य सचिव, आसाम सरकार, दिसपुर ।
41. मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना ।
42. मुख्य सचिव, गोवा, दमण और दिव सरकार, पणजी ।
43. मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चंडीगढ़ ।
44. मुख्य सचिव, गुजरात सरकार, अहमदाबाद ।
45. मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश, शिमला ।
46. मुख्य सचिव, जम्मू और काश्मीर सरकार, श्रीनगर ।
47. मुख्य सचिव, कर्नाटक सरकार, बंगलूर ।
48. मुख्य सचिव, केरला सरकार, त्रिवेन्द्रम ।
49. मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल ।
50. मुख्य सचिव, महाराष्ट्र सरकार, मुंबई ।
51. मुख्य सचिव, मेघालय सरकार, शिलांग ।
52. मुख्य सचिव, उड़ीसा सरकार, भुवनेश्वर ।
53. मुख्य सचिव, पंजाब सरकार, चंडीगढ़ ।
54. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर ।
55. मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार, मद्रास ।
56. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ ।
57. मुख्य सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार, कलकत्ता ।
58. अध्यक्ष, मद्रास पोर्ट ट्रस्ट, मद्रास ।
59. भारतीय राष्ट्रीय जहाज मालिक एसोसिएशन, बम्बई ।
60. अध्यक्ष तथा सचिव, राष्ट्रीय बंदरगाह बोर्ड, मुंबई ।
61. प्रधान अधिकारी, समुद्री वाणिज्य विभाग, मुंबई/कलकत्ता/मद्रास ।
62. अध्यक्ष तथा सदस्य, विशेष व्यापार यात्री कल्याण समिति, मद्रास बम्बई ।
63. सार्वजनिक सूचना ब्यूरो, मुंबई ।
64. सार्वजनिक सूचना ब्यूरो, नई दिल्ली ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

संकल्प

सं० 14-एस० एच० (2)/83—कलकत्ता पत्तन में विशेष व्यापार यात्री कल्याण समिति संकल्प सं० 11-एस० एच०(2)/83, दिनांक 15-11-88 के अनुसार दिनांक 6-5-1989 को समाप्त होने वाली थी। नौवहन महानिदेशक ने तत्कालीन नौवहन और परिवहन मंत्रालय के पत्र सं० 1-एम० डी० एस०(28)/76-एम०ए०, दिनांक 15-10 1976 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस समिति की अवधि दिनांक 6-5-1989 से छह महीनों के लिए बढ़ाने का निर्णय किया है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति निम्नलिखित को भेजी जाए :—

1. भारत के राष्ट्रपति के निजी एवं फौजी सचिव, नई दिल्ली।
2. पंत प्रधान सचिवालय, नई दिल्ली।
3. लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली (5) अतिरिक्त प्रतियां) ।
4. केबिनेट सचिवालय, नई दिल्ली।
5. परिवहन मंत्रालय, जल-भूतल परिवहन विभाग (नौवहन पक्ष) नई दिल्ली (10 अतिरिक्त प्रतियां) ।
6. वाणिज्य मंत्रालय, नई दिल्ली।
7. संचार मंत्रालय, नई दिल्ली।
8. रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली ।
9. ऊर्जा मंत्रालय, नई दिल्ली।
10. पर्यावरण और वन मंत्रालय, नई दिल्ली।
11. विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली।
12. वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली।
13. खाद्य और सिविल पूर्ति मंत्रालय, नई दिल्ली।
14. कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली।
15. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।

16. गृह मंत्रालय, नई दिल्ली।
17. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
18. उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली।
19. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली।
20. श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली।
21. विधि तथा न्याय मंत्रालय, नई दिल्ली।
22. संसदीय कार्य एवं पर्यटन मंत्रालय, नई दिल्ली।
23. कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, नई दिल्ली।
24. पेट्रोलियम और न्यूट्रल गैस मंत्रालय, नई दिल्ली।
25. योजना मंत्रालय, नई दिल्ली।
26. कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, नई दिल्ली।
27. विज्ञान और तकनीकी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली।
28. इस्पात और खान मंत्रालय, नई दिल्ली।
29. वस्त्र उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली।
30. नगर विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
31. जल संसाधन मंत्रालय, नई दिल्ली।
32. कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।
33. इलैक्ट्रानिकी विभाग, नई दिल्ली।
34. परमाणु ऊर्जा विभाग, नई दिल्ली।
35. सागर विकास विभाग, नई दिल्ली।
36. अंतरिक्ष विभाग, नई दिल्ली।
37. योजना आयोग, नई दिल्ली।
38. मुख्य सचिव, आंध्र प्रदेश सरकार, हैदराबाद।
39. मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, इटानगर।
40. मुख्य सचिव, आसाम सरकार, दिसपुर।
41. मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना।
42. मुख्य सचिव, गोआ, दमन और दिव सरकार, पणजी।
43. मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चंडीगढ़।
44. मुख्य सचिव, गुजरात सरकार, अहमदाबाद।
45. मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला।
46. मुख्य सचिव, जम्मू और काश्मीर सरकार, श्रीनगर।
47. मुख्य सचिव, कर्नाटक सरकार, बंगलूर।
48. मुख्य सचिव, केरला सरकार, त्रिवेन्द्रम।
49. मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल।
50. मुख्य सचिव, महाराष्ट्र सरकार, मुंबई।
51. मुख्य सचिव, मेघालय सरकार, शिलांग।
52. मुख्य सचिव, उड़ीसा सरकार, भुवनेश्वर।
53. मुख्य सचिव, पंजाब सरकार, चंडीगढ़।
54. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
55. मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार, मद्रास।
56. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ।
57. मुख्य सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार, कलकत्ता।
58. अध्यक्ष, मद्रास पोर्ट ट्रस्ट, मद्रास।
59. भारतीय राष्ट्रीय जहाज मालिक एसोसिएशन, बम्बई।
60. अध्यक्ष, तथा सचिव, राष्ट्रीय बंदरगाह, बोर्ड, मुंबई।
61. प्रधान अधिकारी, समुद्री वाणिज्य विभाग, मुंबई/कलकत्ता/मद्रास।
62. अध्यक्ष तथा सदस्य, विशेष व्यापार यात्री कल्याण समिति, मद्रास-मुंबई।
63. सार्वजनिक सूचना ब्यूरो, मुंबई।
64. सार्वजनिक सूचना ब्यूरो, नई दिल्ली।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

जे० एस० गिल,
वरिष्ठ उप नौवहन महानिदेशक

ऊर्जा मंत्रालय
(विद्युत विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 जुलाई 1989

संकल्प

सं० 7/2/87-ई० पी० (खण्ड-4)—राष्ट्रीय ऊर्जा नीति के आधारभूत उद्देश्यों में से एक, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कम से कम लागत पर पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। विभिन्न प्रकार के ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि करने सहित इसमें सभी क्षेत्रों में ऊर्जा प्रबन्धकों की कार्यकुशलता में सतत आधार पर वृद्धि करना निहित है, ताकि उपलब्ध ऊर्जा में से देश को कम से कम लागत पर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इस कार्य में सहायता प्रदान करने की दृष्टि से सरकार ने निम्नलिखित उद्देश्यों से नागपुर में एक ऊर्जा प्रबन्ध केन्द्र स्थापित करने का निर्णय किया है:—

1. ऊर्जा प्रबन्ध तकनीकों, विशेष रूप से साफ्टवेयर सम्बन्धी पहलुओं के सम्बन्ध में नवीन प्रणालियों का विकास करना।
2. ऊर्जा व्यवसायियों की क्षमता में वृद्धि करना और ऊर्जा प्रबन्धकों तथा विशेषज्ञों को प्रशिक्षित करना।
3. ऊर्जा सूचना प्रणाली और आंकड़े सम्बन्धी आधार में सुधार लाना।
4. देश में स्थित संस्थानों/संगठनों/उद्योगों के बीच और भारतीय तथा यूरोपीय व्यवसायियों के बीच ऊर्जा नीति तथा ऊर्जा प्रबन्ध, आयोजना, तकनीकों, ऊर्जा सम्बन्धी आंकड़ों और पूर्व-सूचना देना आदि के बारे में अनुसंधान के परिणामों के आदान-प्रदान की व्यवस्था करना।
5. देश में ऊर्जा प्रबन्ध सम्बन्धी प्रक्रिया को सुदृढ़ करने हेतु कार्यक्रमों/उपायों के कार्यान्वयन की प्रक्रिया तैयार करना और इसमें सहयोग देना।
6. ऊर्जा यूटिलिटी, उद्योग/संगठनों में नवीन प्रबन्ध प्रक्रियाओं तथा प्रणाली के उपयोग को प्रोत्साहन देना।
7. भारत तथा यूरोपीय समुदाय और भारत तथा एशिया पेसिफिक क्षेत्र के देशों के बीच ऊर्जा विशेषज्ञों का आदान-प्रदान करना।

ऊर्जा प्रबन्ध केन्द्र को एक सोसायटी के रूप में स्थापित किया गया है और इसे 10 अप्रैल, 1989 को नागपुर में सोसायटियों का पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है और यह एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगा। सोसायटी के अध्यक्ष, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री हैं और उपाध्यक्ष विद्युत राज्य मंत्री हैं। सोसायटी एक शासी, परिषद् के माध्यम से कार्य करेगी जिसमें विभिन्न ऊर्जा संसाधनों, मंत्रालयों/विभागों, औद्योगिक विकास विभाग, ऊर्जा का उपयोग करने वाले प्रमुख समूहों तथा अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। सचिव, विद्युत विभाग शासी परिषद के अध्यक्ष हैं।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प की प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, राज्य सरकारों, संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासन तथा अन्य सभी संबंधितों को प्रेषित की जाए।

वी० के० खन्ना, संयुक्त सचिव

जल संसाधन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 जून 1989

संकल्प

सं० 1/80-11/8/89-ग्रा०-II—जल विज्ञान सम्बन्धी उच्चस्तरीय तकनीकी समिति के गठन के सम्बन्ध में 18 अगस्त, 1982 के संकल्प सं० 15(2)/82-परि०-III का अधिक्रमण करते हुए, जल विज्ञान सम्बन्धी उच्चस्तरीय तकनीकी समिति को अब भारतीय राष्ट्रीय जल विज्ञान समिति कहा जाएगा। इसका गठन निम्न प्रकार होगा :—

1.	अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली ।	अध्यक्ष
2.	निदेशक, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ।	कार्यकारी-सदस्य
3.	महानिदेशक, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ।	सदस्य
4.	अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली ।	सदस्य
5.	महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ।	सदस्य
6.	महानिदेशक, भारतीय भूभौतिकी सर्वेक्षण, कलकत्ता ।	सदस्य
7.	महानिदेशक, भारतीय मौसम विज्ञान, विभाग, नई दिल्ली ।	सदस्य
8,	सदस्य (डब्ल्यु० पी०) केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली ।	सदस्य
9.	अध्यक्ष, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, नई दिल्ली ।	सदस्य
10.	अध्यक्ष, जल प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का केन्द्रीय बोर्ड, नई दिल्ली ।	सदस्य
11.	सलाहकार, केन्द्रीय जन स्वास्थ्य और पर्यावर्णिक इंजीनियरी संगठन, नई दिल्ली ।	सदस्य
12.	निदेशक, स्नो अवालंची अध्ययन प्रतिष्ठान, मनाली ।	सदस्य
13.	अध्यक्ष, वन अनुसंधान संस्थान और कालेज, देहरादून ।	सदस्य
14.	निदेशक, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन अभिकरण, हैदराबाद ।	सदस्य
15.	निदेशक, अनुसंधान और डिजाइन मानक संगठन, लखनऊ ।	सदस्य
16.	अध्यक्ष, भारतीय जल वैज्ञानिक संघ ।	सदस्य
17.	महासचिव, सिंचाई और निकास सम्बन्धी अंतर्राष्ट्रीय आयोग, नई दिल्ली ।	सदस्य
18.	डा० सुभाष चन्द्र, प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली ।	सदस्य
19.	डा० बी० एस० माथुर, प्रोफेसर, रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की ।	सदस्य
20.	कार्यकारी सदस्य, नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, नई दिल्ली ।	सदस्य
21.	प्रमुख इंजीनियर, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ ।	सदस्य
22.	निदेशक, राज्य जल अन्वेषण निदेशालय, पश्चिम बंगाल, कलकत्ता ।	सदस्य
23	मुख्य इंजीनियर, सिंचाई विभाग, महाराष्ट्र सरकार, बम्बई ।	सदस्य
24.	मुख्य इंजीनियर, भूजल विभाग, तमिलनाडु सरकार, मद्रास ।	सदस्य
25.	अध्यक्ष, ब्रह्मपुत्र बोर्ड, गुवाहाटी ।	सदस्य
26.	वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की ।	सचिव

2. भारतीय राष्ट्रीय जल विज्ञान समिति के कार्य निम्नवत् होंगे :—

(1) राष्ट्रीय संगठनों से जल विज्ञान कार्य से सम्बन्धित सम्बद्ध सूचना एकत्र करके देश में जल विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में कला की स्थिति तैयार करना और समय-समय पर उसे अद्यतन करना और उसका प्रसार करना।

(2) जल विज्ञान और जल संस्थानों के क्षेत्र में उन क्षेत्रों का पता लगाना जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है अथवा जिनमें प्रेक्षण, संसाधन और विश्लेषण के नए तरीके लागू किए जा सकते है, ताकि कार्यकलापों के स्तर को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तक लाया जा सके।

(3) उन क्षेत्रों में जो समिति द्वारा प्राथमिकता क्षेत्रों के रूप में अभिज्ञात किए गए हैं, अनुसंधान अध्ययन और विकासात्मक गतिविधियां शुरू करने के लिए राष्ट्रीय संस्थानों को प्रोत्साहित करना। जहां आवश्यक हो, समिति स्वयं आवश्यक निधियों प्रदान करके अनुसंधान विकास प्रायोजित करे।

(4) समिति को विशेष समस्याओं पर विचार करने के लिए सलाह देने हेतु विशेष कार्य दल/विशेषज्ञ नामिका (पैनल) तैयार करना।

(5) जल विज्ञान और जल संसाधनों के क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना।

(क) विशिष्ट विषयों पर व्यावसायिकों और तकनीशियनों के लिए लघुकालीन पाठ्यक्रम आयोजित करके और

(ख) जहां समिति यह समझती है कि यह विषय भारतीय व्यावसायिकों और वैज्ञानिकों अथवा पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है यूनेस्को/डब्ल्यू०एम० ओ० अथवा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की सहायता से अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

(6) वर्तमान द्विपक्षीय और सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत यदि संभव हो, अथवा विशेष प्रबन्धों द्वारा अन्य देशों के सहयोग के साथ अध्ययनों को बढ़ावा देना।

(7) यूनेस्को के अन्तर्राष्ट्रीय जल विज्ञान कार्यक्रम और डब्ल्यू० एम० ओ० के प्रचालनात्मक जल विज्ञान तथा जल विज्ञान के अन्य अन्त: सरकारी कार्यक्रमों जिनमें भारत भाग लेना चाहता है, में भारत द्वारा प्रभावी सहभागिता को समन्वित करना।

(8) सूचना का प्रसार करना और निम्न के द्वारा जल विज्ञान कार्यकलापों के मानकों में सुधार को बढ़ावा देना।

(क) प्रकाशन (i) तिमाही पत्रिका जिसमें अनुसंधान/समीक्षा निबन्ध/टिप्पणी, उनकी जल विज्ञान कार्यकलापों आदि पर विभिन्न केन्द्रों से सूचना शामिल है।

(ii) भारतीय संस्थानों में पूरे किए गए स्नातकोत्तर और पी० एच० डी० के सारांश सहित भारत में विभिन्न संस्थानों में किए गए अनुसंधान कार्य के संदर्भ में जल विज्ञान और जल संसाधनों पर टिप्पणीयुक्त विवरण।

(iii) भारतीय जल विज्ञान संगोष्ठी पर मोनोग्राफ गाइड मैनुअल और अन्य प्रकाशन और (ख) जनहित आर. हित के विषय। अथवा ऐसी राष्ट्रीय घटनाओं के समर्थन से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियां, परिसंवाद, कार्यशालाएं आदि आयोजित करना।

(9) समिति को भेजी गयी समस्याओं पर केन्द्रीय और राज्य सरकार के अभिकरणों को सलाह देना।

(10) अन्य राष्ट्रीय समितियों और बोर्डों के साथ प्रभावी सहयोग बनाए रखना।

3. क्रम सं० (18), (19), (21), (22), (23) और (24) पर उल्लिखित गैर-सरकारी सदस्यों और सरकारी सदस्यों की अवधि दो वर्ष की होगी और वे सरकार द्वारा नामित किए जाएंगे।

4. राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान भारतीय राष्ट्रीय जल विज्ञान समिति को सचिवालय प्रदान करता रहेगा। भारतीय राष्ट्रीय जल विज्ञान समिति के लिए अलग बजट आवंटन की आवश्यकता नहीं है। तथापि, कुछ हद तक, यदि यह आवश्यक समझा जाता है, कुछ परियोजनाओं के लिए निधियों की कुछ मात्रा भारतीय राष्ट्रीय जल विज्ञान समिति को सौंपी जा सकती है और इसके लिए कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग और समन्वय के क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय जल विज्ञान समिति पहले की तरह ही कार्य करती रहेगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

अवतार सिंह चौहान, अवर सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 20th July 1989

